भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-1052

जिसका उत्तर 21 दिसंबर, 2017 को दिया जाना है ।

एनटीपीसी संयंत्र के बॉयलर में विस्फोट

1052. श्री भर्तृहरि महताबः
कुमारी सुष्मिता देवः
श्री मानशंकर निनामाः
श्री सुशील कुमार सिंहः
श्री राहुल शेवालेः
श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधियाः
श्री आर.पी. मरूराजाः
कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देलः
श्री विनायक भाऊराव राऊतः
श्री संजय धोत्रेः
श्री टी.जी. वेंकटेश बाबूः
श्री सी. एन. जयदेवनः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम के रायबरेली स्थित विद्युत संयंत्र में हाल ही में हुए विस्फोट के क्या कारण हैं और इस विस्फोट में कितने व्यक्ति मारे गए और हताहत हुए और इस दुर्घटना से एनटीपीसी को कितनी अनुमानित हानि हुई है;

(ख) क्या उक्त दुर्घटना के दोषियों को सजा देने के लिए सरकार ने कोई जांच की है यदि हां, तो इस जांच के निष्कर्ष क्या है और इस पर क्या कार्रवाई की गई है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) मृत एवं हताहत व्यक्तियों के आश्रितों को दिए गए मुआवजे का ब्यौरा क्या है;

(घ) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान देश के विभिन्न भागों में स्थित विद्युत संयंत्रों में दर्ज की गई ऐसी दुर्घटनाओं की संख्या और उक्त दुर्घटनाओं में मृत घायल/व्यक्तियों की संख्या तथा पीड़ितों को भुगतान किए गए मुआवजे/वित्तीय सहायता का राज्य-वार और संयंत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या केन्द्र सरकार का भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए देश के सभी विद्युत संयंत्रों की सुरक्षा जांच करने का विचार है और यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(च) सरकार द्वारा भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अन्य क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए है/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री आर. के. सिंह)

(क) और (ख) : दिनांक 01.11.2017 को एक दुर्घटना हुई थी जिसमें 85 लोग स्थल पर जल गए एवं घायल हो गए, उनमें से दिनांक 15.12.2017 तक कुल 45 लोग मारे गए, 35 लोग डिस्चार्ज किए गए और 5 घायलों का लखनऊ के अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है। एनटीपीसी की इस यूनिट के बंद होने के कारण दिसंबर, 2017 तक लगभग 495 एमयू की उत्पादन हानि की संभावना है।

दुर्घटना के कारणों की जांच करने के लिए विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार ने विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 161(2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सदस्य (थर्मल), केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है। समिति ने रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की है। उपरोक्त के अतिरिक्त निम्नलिखित जांच समिति गठित की गई हैं:

(i) एनटीपीसी लिमिटेड द्वारा गठित उच्चस्तरीय समिति द्वारा जांच।
(ii) अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं श्रम आयुक्त कानपुर, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित समिति द्वारा जांच।
(iii) बॉयलर अधिनियम, 1923 के अंतर्गत वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा गठित समिति द्वारा जांच।
(iv) एनएचआरसी, नई दिल्ली की समिति द्वारा जांच।
(v) जिला मजिस्ट्रेट, रायबरेली द्वारा आदेशित मजिस्ट्रेट द्वारा जांच।

(ग) : ठेका एजेंसियों के 42 मृत कार्मिकों के संबंध में लगभग 3.47 करोड़ रुपए के चेक सहायक श्रम आयुक्त (केंद्रीय)/आयुक्त कार्मिक प्रतिपूर्ति, लखनऊ में जमा करवा दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, एनटीपीसी ने 45 मृतकों के नजदीकी रिश्तेदारों को, प्रत्येक को 20 लाख रुपए, गंभीर रूप से घायल लोगों को 10 लाख रुपए तथा मामूली रूप से घायल लोगों को 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि का भुगतान किया है। अब तक 83 पीड़ित अथवा परिवार के सदस्यों को अनुग्रह भुगतान के रूप में 11.30 करोड़ रुपए की राशि पहले ही वितरित की जा चुकी है।

इसके अतिरिक्त, माननीय प्रधानमंत्री जी ने मृत व्यक्तियों के नजदीकी रिश्तेदारों को 2 लाख रुपए प्रति व्यक्ति तथा गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को 50,000/- रुपए प्रति व्यक्ति प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से अनुग्रह राशि के भुगतान के लिए मंजूरी दी है। उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी ने भी मृत व्यक्तियों के परिवार के लिए दो लाख रुपए, गंभीर रूप से घायल लोगों के लिए 50,000/- रुपए तथा अन्य घायल लोगों के लिए 25,000/- रुपए की अनुग्रह राशि के भुगतान की घोषणा की है।

(घ) : केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार, दुर्घटनाओं की संख्या, मृत व्यक्तियों की संख्या, घायल व्यक्तियों की संख्या तथा की गई प्रतिपूर्ति को दर्शाते हुए ताप विद्युत संयंत्रों में सूचित की गई दुर्घटनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(ङ) और (च) : ताप विद्युत संयंत्रों में सुरक्षा के लिए कई अधिनियम व विनियम बनाए गए हैं। इनमें केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (विद्युत संयंत्रों और विद्युत लाइनों के निर्माण, प्रचालन एवं अनुरक्षण के लिए सुरक्षा अपेक्षाएं) विनियम, 2011, इंडियन बॉयलर अधिनियम, 1923, इंडियन बॉयलर विनियम, 1950, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सुरक्षा एवं विद्युत आपूर्ति से संबंधित उपाय) विनियम, 2010 शामिल हैं। फैक्ट्री अधिनियम, 1948 में भी फैक्ट्रियों में सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए प्रावधान शामिल हैं।

****

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 21.12.2017 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 1052 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

****

ताप विद्युत संयंत्रों में सूचित दुर्घटनाओं का संयंत्र-वार ब्यौरा

संगठन/राज्य का नाम	वर्ष	विद्युत संयंत्र का नाम	दुर्घटनाओं की संख्या	मृत व्यक्ति	घायल व्यक्ति	भुगतान की गई प्रतिपूर्ति (लाख रुपए में)	
						मृत	घायल
एनटीपीसी	01.11.2017	ऊंचाहार यूनिट-6	1	45	35	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं
	2016-17	सभी संस्थापनाओं सहित	4	शून्य	4	शून्य	0.35
पंजाब	2016 (अक्तूबर, 2016 तक)	जीएचटीपी, लेहरा	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं	0	2	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं	
		जीवीके पावर गोइंदवाल		1	0		
महाराष्ट्र	2014-15	चंद्रपुर सुपर थर्मल पावर स्टेशन	3	0	3	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं	0.78737
		वायुनंदना पावर लि. गढ़चिरौली	1	0	1	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं
		अदानी पावर महाराष्ट्र लि., गोंदिया	1	2	1	143.19401	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं
		टाटा पावर कंपनी चेंबूर	1	0	1	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं
	2015-16	कोराडी टीपीएस नागपुर	1	0	1	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं
		महाजेनको पोफली रत्नागिरी	1	1	0	20.19062	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं
		महाजेनको उरन रायगढ़	1	1	0	1.25	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं
		टाटा पावर कंपनी चेंबूर	2	1	1	20.5	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं
एनएलसी	2014	टीपीएस-I	1	3	0	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं
		बरसिंगसर थर्मल	2	4	0	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं
	2015	टीपीएस-I एक्सपें.	1	0	1	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं
		टीपीएस-II एक्सपें.	1	0	1	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं
	2016 (अक्तूबर, 2016 तक)	टीपीएस-I	1	1	0	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं
		टीपीएस-I एक्सपें.	1	0	2	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं
		टीपीएस-II एक्सपें.	1	1	0	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं
छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लि.	2014	केटीपीएस	0	0	0	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं
		डीएसपीएम टीपीएस	0	0	0	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं

		एचटीपीएस	7	1	6	7.6683	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं
	2015	केटीपीएस	3	0	3	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं
		डीएसपीएम टीपीएस	1	0	1	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं
		एचटीपीएस	4	2	2	6	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं
	2016 (अक्तूबर, 2016 तक)	केटीपीएस	1	0	1	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं
		डीएसपीएम टीपीएस	2	0	2	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं
		एचटीपीएस	2	1	1	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं
नीपको	2014-15	अगरतला गैस टरबाइन पावर प्लांट (135 मेगावाट), त्रिपुरा	1	1	0	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं
	2015-16	असम गैस बेस्ड पावर प्लांट (291 मेगावाट), असम	1	0	1	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं
	2016-17*	अगरतला गैस टरबाइन पावर प्लांट (135 मेगावाट), त्रिपुरा	1	0	1	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं
उत्तर प्रदेश	2014-15	राज्य में सभी संयंत्रों सहित	शून्य	शून्य		शून्य	
	2015-16						
	2016-17*						
नालको	2014	राज्य में सभी संयंत्रों सहित	1	0		1	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं
	2015		0	0		0	
	2016 (अक्तूबर, 2016 तक)		0	0		0	
गुजरात	2014-15	राज्य में सभी संयंत्रों सहित	1	0		1	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं
	2015-16		0	0		0	
केरल	2014-15	राज्य में सभी संयंत्रों सहित	0	0		शून्य	
	2015-16		0				
दिल्ली	2014-15	राज्य में सभी संयंत्रों सहित	0	0		शून्य	
	2015-16		0				
तेलंगाना	2014-15	राज्य में सभी संयंत्रों सहित	0	0		शून्य	
	2015-16		0				
कर्नाटक	2014-15	राज्य में सभी संयंत्रों सहित	0	0		0	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं
	2015-16		1	0		0	
तमिलनाडु	2014-15	राज्य में सभी संयंत्रों सहित	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं	5		4	आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं
	2015-16		आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं	4		16	
मध्य प्रदेश	2013-16	राज्य में सभी संयंत्रों सहित	1	1			आंकड़े समेकित किए जा रहे हैं
			51	**75**		**93**	**199.9403**
*** अक्तूबर, 2016 तक**							

****